कार्यालय मुख्य अभियन्ता,(फै0क्षे0), लो0नि0वि0, फैजाबाद।

पत्रांकः– 8851 फै0क्षे0/74 याता0(फै0अ0वृ0)/15 दिनांक :– 2.7.16

अनापत्ति प्रमाण–पत्र

अधीक्षण अभियन्ता, फैजाबाद–अम्बेडकरनगर वृत्त, लो0नि0वि0, फैजाबाद द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर भीटी–गोशाईगंज मार्ग (अ0जि0मा0) की गाटा संख्या–215/0.459 हे0 स्थित ग्राम–महमदपुर, परगना–मिझौड़ा, तहसील–भीटी, जनपद अम्बेडकरनगर में मेसर्स भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन, लि0 द्वारा रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निम्न प्रतिबन्धों के साथ निर्गत किया जाता है:–

1. मेसर्स भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन, लि0 द्वारा भीटी–गोशाईगंज (अ0जि0मा0) के किमी0 1 (चैनेज 200.00 से 400.00) के मध्य रेखा से दायीं तरफ महमदपुर, परगना–मिझौड़ा, तहसील–भीटी, जनपद अम्बेडकरनगर की गाटा संख्या–215/0.459 हे0 पर रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) की स्थापना लेपित मार्ग के मध्य से 18.28 मी0 के बाहर कराया जाय।
2. रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प/डीजल स्टोरेज टैंक) परिसर का लेविल मार्ग के लेविल से कम से कम 15 सेमी0 नीचा होना चाहिए ताकि सड़क पर परिसर का पानी नहीं आने पाये।
3. रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प/डीजल स्टोरेज टैंक) एवं विभागीय भूमि के बीच 0.6 मीटर पक्की ड्रेन बनाई जाय तथा उसे लोहे की गेटिंग से ढ़का जाय, ताकि वाहनों के आवागमन में असुविधा न हो और आउटलेट का पानी नाली के द्वारा मुख्य ड्रेन में जा सके।
4. सड़क से रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प/डीजल स्टोरेज टैंक) तक पहुँचने हेतु एप्रोच रोड पर कम से कम 01 मीटर व्यास की एन0पी0–3 ह्यूम पाईप/आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कम्पनी/मालिक द्वारा अपने व्यय से कराया जाय।
5. ड्रेनेज हेतु रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प/डीजल स्टोरेज टैंक) सर्विस एरिया का ढ़ाल कम से कम 02 प्रतिशत ड्रेन की ओर रखा जाय।
6. पम्प पर लगाये जाने वाले साइनेज बफर स्ट्रिप क्षेत्र में जमीन से कम से कम 03 मीटर ऊपर रखा जाय। पम्प के साइनेज के अतिरिक्त कोई स्ट्रक्चर अथवा होर्डिंग नहीं खड़ा किया जाय।
7. लो0नि0वि0 की स्थाई भूमि पर कोई भी निर्माण एवं साईन बोर्ड लगाना अनुमन्य नहीं होगा।
8. बफर स्ट्रिप कम से कम 12 मीटर लम्बी व 3 मीटर चौड़ी तथा प्रवेश एवं निकासी गेट कम से कम 11.50 मीटर चौड़े होंगें।
9. बफर स्ट्रिप के बाहरी सिरे से फ्यूल फिलिंग पम्प की दूरी 07 मीटर से कम नहीं होगी।
10. निर्माण स्थल की भूमि पर न्यायालय में कोई विवाद विचाराधीन है, तो ऐसी दशा में अनापत्ति प्रमाण–पत्र स्वतः निरस्त समझा जाय।
11. भूमि स्वामित्व का सत्यापन राजस्व विभाग से होना चाहिए। इस सम्बन्ध में लो0नि0वि0 का काई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
12. मेसर्स भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन, लि0 के समस्त निर्देशों एवं अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अम्बेडकरनगर द्वारा ब्लू प्रिन्ट पर अंकित किये गये अनुबन्धों का भी पालन करना अनिवार्य होगा।
13. एम0ओ0एस0टी0 द्वारा जारी पत्रांक आर0डब्लू0/एन0एच0/33023/19/99–डी0ओ0–।।। दिनांक 24.07.13 में दिये गये निर्देशों व चेकलिस्ट की शर्तो एवं आईआर0सी0 कोड–12, 1983 में दी गई शर्तें लागू होंगी।
14. जब भी मार्ग चौड़ीकरण हेतु भूमि वांछित होगी, तो भूमि चौड़ीकरण हेतु उपलब्ध करा दी जायेगी और पम्प मालिक को अपने व्यय पर वांछित निर्माण हटाना होगा।
15. भारत सरकार सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के परिपत्र सं0–आर0डब्लू0/एन0एच0/33023/19/99 –डी0ओ0–।।। दिनांक 24.07.13 द्वारा जारी निर्देशानुसार आवश्यक धनराशि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा–गोशाईगंज का डिमाण्ड ड्राफ्ट संख्या क्रमशः–366056 से 366058 दिनांक 28.06.2016 रू0 02,20,000.00, (रूपया दो लाख बीस हजार मात्र) जो अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अम्बेडकरनगर के नाम से जमा है।

ADM I E/M 9

जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर

उपरोक्त अनुमति अधीक्षण अभियन्ता, फैजाबाद–अम्बेडकरनगर वृत्त, लो0नि0वि0, फैजाबाद का पत्रांक 2462 / 64 काम–फै0अ0वृ0 / 16 दिनांक 02.07.2016 द्वारा दी गयी संस्तुति के आधार पर अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी किया जा रहा है। उपरोक्त शर्तो का अनुपालन न करने पर जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त हो जायेगा।

(ए0के0 अग्रवाल)
मुख्य अभियन्ता, (फै0क्षे0),
लो0नि0वि0, फैजाबाद।

पत्रांकः– 895 / फै0क्षे0 / 74 याता0(फै0अ0वृ0) / 16 दिनांक :– 2.7. 2016

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर।
   संलग्नकः–ड्राइंग की एक प्रति में।
2. अधीक्षण अभियन्ता, फैजाबाद–अम्बेडकरनगर वृत्त, लो0नि0वि0, फैजाबाद के पत्रांक 2462 / 64काम–फै0अ0वृ0 / 16 दिनांक 02.07.2016 द्वारा की गयी संस्तुति के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अम्बेडकरनगर का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

04/07/16

मुख्य अभियन्ता, (फै0क्षे0),
लो0नि0वि0, फैजाबाद।